कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ़

अपील संख्या 52 / 2019 सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत

श्री रूपराम कड़वासरा निवासी मकान नम्बर 1273 डिफेन्स ईन्कलव, बोह रोड़ अम्बाला कैन्ट–133005

––अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ।

––प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः–31.10.2019

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ़ के संबंध में प्राप्त हुई।

अपीलार्थी के अपील में अंकित तथ्यों के अनुसार अपीलार्थी को प्रार्थना पत्र दिनांक 25.12.2016 द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ से आधी अधूरी व भ्रामक प्राप्त होने पर व्यथित होकर यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ से अपील में कोई जवाब प्राप्त नही हुआ है किन्तु अपीलार्थी की अपील के साथ संलग्न लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हनुमानगढ के पत्र क्रमांक 3244 दिनांक 25.6.2019 का अवलोकन करने से पाया गया कि अपीलार्थी को सूचना के सम्बन्ध में बिन्दुवार सूचित किया जाना पाया गया है। अपीलार्थी द्वारा अपील में किये गये कथन सत्य प्रतीत नहीं होते है। उपरोक्त विवेचनानुसार अपीलार्थी की इस अपील में ओर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपीलार्थी की यह अपील उक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षों को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ़

सत्यमेव जयते
Web Copy, Not Official